तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 23 मार्च 2025



14 सीमा सुरक्षा बल ने सहायता कार्यक्रम एवं निःशुल्क...

14 दाम्पत्य सूत्र में बंधे 80 जोड़े, शासन से मिला 35 हजार...








# महुआ संग्राहकों को लगा तगड़ा झटका, बारिश से हुआ दो तरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। बेमौसम बारिश ने इस बार महुआ बीनने वाले ग्रामीणों का खेल बिगाड़ दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मौसम बदलने से फसल खराब हो गई वहीं बारिश में भीगे महुआ फूल काले पड़ जाएंगे और सड़ने की नौबत आ जाएगी। बारिश से महुआ फूल संग्राहकों को तगड़ा झटका लगा है।

जिले का एक तिहाई भाग जंगल से घिरा हुआ है, जिसके कारण वनांचल क्षेत्र के निवासी आज भी जंगलों पर आश्रित रहकर प्राप्त वन सम्पदाओं से अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम बदलने से महुआ इस मौसम में बहुत कम गिरा है, धूप रहने से महुआ ज्यादा गिरता है। फरवरी के प्रथम सप्ताह से गिरना था, इस बार मार्च में गिरना शुरू हुआ और मार्च में बारिश हो जाने से महुआ की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। मार्च के शुरूआती सप्ताह से तपती धूप में कड़ी मेहनत कर महुआ फूल बीनकर ग्रामीणों ने आंगन और खलिहान में सूखने के लिए संग्रहित किया था।

अचानक चार दिनों से बारिश और मौसम में बदलाव होने के कारण खलिहान और आंगन में सूखने के लिए संग्रहित महुआ फूल को धूप पूरी तरह से नहीं मिल पाने के कारण महुआ अब काले नजर आ रहे हैं, जिससे महुए का जायका बिगड़ गया है। बारिश के चलते सब खराब हो गया। बारिश में भीगे महुआ फूल का कोई लेवाल नहीं है और संग्राहकों को मजबूरन उसे जानवरों को खिलाना पड़ रहा है।



## महुआ फूल होंगे काले और जायका बिगड़ गया



### फूलों की क्वालिटी होगी प्रभावित

वातावरण में गर्मी की कमी के कारण महुआ फूल भी पहले की तरह नहीं गिर पाया और अब बारिश हो जाने से फरवरी के अंतिम सप्ताह व मार्च के दो सप्ताह में एकत्र किया गया महुआ फूल बारिश के कारण गुणवत्ता पूरी तरह से खराब हो जाएगी। इस तरह संग्राहकों को दो तरफा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा के बाद केंद्राध्यक्ष ने छात्रों को किया मोटिवेट

**दुर्गूकोंदल।** हाई स्कूल परीक्षा के अंतिम आमागढ़ में केन्द्राध्यक्ष के द्वारा आगामी वर्ष कक्षा 11 वीं में कौन सा विषय लेकर अध्ययन करना चाहेंगे, इस पर चर्चा किया गया। साथ ही ग्रष्म अवकाश में निरंतर अध्ययन से जुड़े रहने की सलाह दिया। परीक्षा केंद्र हाई स्कूल आमागढ़ में ईरागांव, हानपतरी एवं आमागढ़ से कुल 51 छात्र-छात्राएं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 2 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सहायक केंद्राध्यक्ष रघुनाथ सिंह साहू, प्रभारी प्राचार्य आमागढ़ सबल सिंह दीवान, उदेराम राम भुआर्य, विनोद कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार रावटे, गजेंद्र शांडिल्य सहयोग रहा।

### गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**धनेलीकन्हार।** छग संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में एनिमिया कार्यकम आयोजित किया गया, जिसमें 128 लाभान्वित हुए। एनिमिया कार्यकम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, धनेलीकन्हार शिविर प्रभारी एंव डॉ. सचिन विरखेड़े आयुष चिकित्सा अधिकारी पीढ़ापाल, डॉ ताता राव आयुष चिकित्सा अधिकारी सुरेली, कुलदीप फार्मासिस्ट परसोदा, जगन्नाथ साहू फार्मासिस्ट पीढापाल, दिनशो नरेटी औषधालय सेवक धनेलीकन्हार ने कार्यकम सफल बनाने में योगदान दिया।

### विधायक एवं कलेक्टर ने नवदंपत्ति को दी बधाई

**कांकेर।** जिले के नरहरपुर ब्लॉक में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 88 दंपति का विवाह संपन्न हुआ, जहां पर सभी नवदम्पतियों को 35-35 हजार रुपए के चेक वितरित वितरित किए गए। उक्त विवाह समारोह में पहुंचकर विधायक आशाराम नेताम और कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत कांकेर और नरहरपुर ब्लॉक के 88 जोड़े विवाह के लिए शामिल हुए।

### जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल का प्रथम सम्मिलन 4 मार्च को

**दुर्गूकोंदल।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जनपद पंचायत दुर्गूकोदल की प्रथम सम्मिलन (विशेष) कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) समय-सारणी अनुसार जनपद पंचायत दुर्गूकोदल काअध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की गई है। जनपद पंचायत दुर्गूकोदल का प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई है।

### सूअर के हमले में बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत ओडाहुर निवासी 63 वर्षीय सदेराम नेताम का 16 फरवरी को ईलाज के दौरान मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जंगल की ओर गया हुआ था। अचानक सूअर ने हमला कर उसे काट लिया। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

## जांच : मेडिकल कॉलेज की जमीन के बारे में ली जानकारी, दिए निर्देश

# विधायक व कलेक्टर ने विकास कार्यों का लिया जायजा, पंडरीपानी सड़क पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 26 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय बस्तर पण्डुम की तैयारियों को लेकर की समीक्षा
- सात विकासखंड के प्रतिभागी होंगे शामिल, व्यवस्था सुनिश्चित करने की दी हिदायत

जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और शासकीय अस्पताल का 24 मार्च को विधायक आशाराम नेताम और कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंगारभाट स्थित गोंडवाना भवन परिसर में 26 मार्च से आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बस्तर पंडुम की तैयारियों की समीक्षा किया, साथ ही सभी प्रकार की अनिवार्य सेवाओं व सुविधाओं को उपलब्ध कराने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसमें हिस्सा लेने जिले के सभी 07 विकासखंड से आने वाले प्रतिभागियों की सुविधाओं का विशेष तौर पर ध्यान रखते हुए पूर्व में ही जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। विधायक और कलेक्टर ने सिंगारभाट स्थित खेल मैदान में प्रस्तावित एस्ट्रोटर्फ ग्रास फुटबॉल मैदान और सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही स्विमिंग पुल के जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं खेल विभाग के अधिकारी को गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया गया। इसके उपरांत कोमल देव शासकीय जिला चिकित्सालय का विधायक और कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया, जहां पर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों का हालचाल जाना। इसके अलावा अस्पताल परिसर में अधूरे भवन निर्माण कार्य में विलंब होने पर ▶▶| शेष पेज 12 पर





### प्रवेश द्वार और डोम निर्माण प्रगति पर

पुराने कचहरी परिसर में प्रवेश द्वार के जीर्णोद्धार कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही प्रस्तावित भवन और डोम स्थल का भी निरीक्षण किया गया। सेंट्रल लाइब्रेरी और तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए विधायक ने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, पार्षद हितेंद्र खटवानी एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण में तेजी लाने पर जोर

निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन में निर्माणाधीन सड़क की प्रगति से अवगत होते हुए विधायक और कलेक्टर ने विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य में तेजी लाने के साथ साथ अधूरे सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। सिविल लाइन में नालंदा परिसर की तर्ज पर बनने वाली नई लाइब्रेरी का कार्य भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

### प्रस्तावित भूमि की ली जानकारी

लखनपुरी के पास बन रहे मेडिकल कॉलेज की प्रस्तावित भूमि के संबंध में जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, मेडिकल कॉलेज कांकेर की डीन डॉ. यास्मीन खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई व छात्रावास की समस्याओं पर प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हाटकोंगेरा


माकड़ी में संचालित आईटीआई और छात्रावास में विभिन्न समस्याओं को लेकर आईटीआई प्रबंधन को शिकायत करने के बाद कोई सुधार नहीं होने पर छात्रों ने समस्याओं के निराकरणक की माँग को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

आईटीआई माकड़ी के पर प्रशिणार्थियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर 21 मार्च को धरना प्रदर्शन में बैठे छात्राओं ने बताया कि उनके बाथरूम के दरवाजे टूटे हुए है और सफाई नियमित नहीं होती है। समस्या का शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था। संस्था द्वारा संचालित छात्रावास में वाटर कूलर नहीं होने से गर्मी के दिनों में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके साथ ही अग्निशामक यंत्र व सीसी टीवी कैमरा नहीं लगाए गए है। इसके अलावा जानवरो व असमाजिक तत्वों से भय बना रहता है। आईटीआई व छात्रावास में निवासरत प्रशिक्षणर्थियों द्वारा मुख्यद्वार बंद कर धरना दिया गया। संस्था द्वारा संचालित छात्रावास में बजट की समस्या बताकर सफाई सामग्री प्रदान नहीं किया जा रहा, संस्था में सीसी टीवी कैमरा नहीं होने से चोरी की घटना से लेकर छात्राओं के सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहता है। धरने पर बैठे छात्रों का कहना था कि संस्था प्रबंधन के द्वारा बजट का हवाला देकर कोई काम नहीं होता है, बजट नहीं है तो संस्थाएं बंद कर दिया जाए, संस्था भगवान भरोसे चल रही है। उच्च अधिकारी व अन्य अधिकारी कभी भी आईटीआई संस्थानों का निरीक्षण करने नहीं आते है, जिसके चलते लंबे समय से चल रही अव्यवस्थाओं को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं है। संस्थान खोल दिए गए, परंतु उनमें प्रशिक्षण की जो गुणवत्ता होनी चाहिए, वो किसी भी स्तर की नहीं है, इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। संस्था प्रभारी के द्वारा सफाई सामग्री की तात्कालिक व्यवस्था करने व स्वीपर की व्यवस्था एक हफ्ते में करने के आश्वासन पर धरना खत्म किया गया।

## कार की ठोकर से बाइक सवार पिता-पुत्र जख्मी, चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर थानांतर्गत भैंसाकन्हार चौक के पास कार की टक्कर से बाईक में सवार पिता-पुत्र को चोटे आई। घायलो को ईलाज के लिए कांकेर के अस्पताल में लाया गया। चोट गंभीर होने के कारण उन्हे हायर सेंटर रिफर किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे बागोडार निवासी 26 वर्षीय धनराज पटेल पिता रविशंकर पटेल ने पुलिस को बताया कि 12 फरवरी को मेरा छोटा भाई हेमराज पटेल मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 2817 में सवार होकर बागोडार से भैंसाकन्हार मेला देखने गया था। वाहन के पीछे पिता रविशंकर पटेल बैठे थे और करीबन साढ़े 9 बजे भैंसाकन्हार चौक के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आरोपी कार वाहन क्रमांक सीजी 04 पीडब्ल्यू 4669 के चालक अनिल पटेल के द्वारा अपनी कार को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे भाई वाहन को टक्कर मार कर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता रविशंकर पटेल व भाई हेमराज बाईक समेत जमीन पर गिर गए। सड़क दुर्घटना होने से मेरा पिता के कंधा व पैर में चोट लगा व फैक्चर हो गया। दुर्घटना में घायल हेमराज को हाथ, पैर में हल्का चोट लगा है। घायलो को तुरंत निजी वाहन से कांकेर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया। जिले से बाहर ईलाज होने के कारण अपराध दर्ज नहीं करा पाएं थे। ईलाज करवाकर वापिस आने के उपरांत दुर्घटना की जानकारी लिखित में पुलिस को दिया। कांकेर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## शराब पीने की सुविधा दी, युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए शराब पीने की सुविधा देते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस को 21 मार्च की शाम 7 बजें मुखबिर की सूचना पर ग्राम संजयपारा चौगेल आरोपी के घर सामने छापामार कार्यवाही किया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले इधर उधर भाग गए। मौके से आरोपी संजयपारा चौगेल निवासी 40 वर्षीय ज्ञानेश्वर बघेल पिता मदन लाल बघेल को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की 2 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती 50 रूपएं एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## गांवों को सशक्त बनाने वाले सरपंच, उपसरपंच जिपं व जनपद सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- समारोह में ग्राम सभा को सशक्त बनाने बताए गए तरीके



जन-प्रतिनिधियों का सम्मान गोंड़वाना भवन भानुप्रतापपुर में समाज के द्वारा किया गया। समारोह में 52 पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए चांवल का टीका, गमछा और पेसा कानून का किताब भेंट किया गया। गोंड़वाना भवन में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि ग्राम सभाओं को कैसे सशक्तिकरण करें, पेसा में दिए गए आधिकारों को कैसे गांवों में कानून के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है, जिसमें हम अपने गांव के छोटे छोटे बुनियादी ढांचा तैयार कर गांव को विकास की ओर ले सके, हम आदिवासी समाज पंचायती राज के व्यवस्था से चुनकर जनप्रतिनिधि है, पंचायती राज व्यवस्था, भारत में ग्रामीण इलाकों में स्थानीय स्वशासन की प्रणाली है। यह व्यवस्था ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। पंचायती राज व्यवस्था के तहत, ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां और जिला परिषदें काम करती हैं, जो 5 साल तक हमें जिम्मेदारी दी गई है उसे खरा उतरना है। इससे समाज व गांव का विकास होगा। इस सम्मान समारोह में शिव तुमरेटी, देवलाल दुग्गा, जीवन ठाकुर, विनोद शोरी, अजय कोर्राम, हरिचंद कौवड़ो, काशी दर्रो, बिरेंद्र कोरेटी, तिलक दर्रो, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सरकारी कार्यक्रम में अधिकारी प्रोटोकाल का नहीं कर रहे हैं पालन

# संगठन के नेताओं को खुश करने के चक्कर में अधिकारी विवाद में फंसे, आमंत्रण पर मचा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अधिकारियों की लापरवाही से सरकार की छवि लगातार हो रही है खराब

जिले में सरकारी अधिकारी नेताओं को खुश करने के चक्कर में प्रोटोकाल को तोड़ते जा रहे है। सरकारी आमंत्रण में केवल चुने हुए जनप्रतिनिधियों को ही अतिथि बनाने का प्रावधान है, परंतु महिला बाल विकास विभाग ने नरहरपुर में होने वाले शादी कार्यक्रम में आमंत्रण पत्र में मंडल अध्यक्ष को विशिष्ट अतिथि बनाते हुए आमंत्रण पत्र में नाम प्रकाशित किया, जिससे बवाल मच गया है। यह कांकेर जिले का दूसरा मामला है, इसके पहले नगर पंचायत पखांजुर में भी सीएमओ ने इसी तरह की गल्ती किया था।

नरहरपुर विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कांकेर और नरहरपुर विकासखंड के 88 दंपत्ति का विवाह 22 मार्च को हुआ। इस कार्यक्रम को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर एवं नरहरपुर के द्वारा प्रकाशन करवाया गया, इसकी मानीटरिंग महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को करना था, परंतु उन्होने विकासखंड अधिकारी के भरोसे काम को छोड़ दिया, जिससे बवाल मच गया। इससे महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी की पूरी लापरवाही नजर आ रही है। इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के मोबाईल नंबर 6262470000 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उनका काल रिसीव नहीं हुआ, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि यह मामल क्या रहा। इस कार्यक्रम में कांकेर और नरहरपुर के दंपत्ति शामिल हो रहे थे, इसलिए इसमें उनके अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजपा कांकेर मंडल, भाजपा सरोना मंडल का भी नाम होना चाहिए, परंतु उसमें केवल नरहरपुर मंडल अध्यक्ष को अतिथि बनाया गया, जिससे यह चर्चा का विषय 22 मार्च को दिनभर बना रहा। अधिकारियों के द्वारा सरकारी कार्यक्रम में प्रोटोकाल का पालन नहीं करने ▶▶| शेष पेज 12 पर


।। आमंत्रण ।।
मुख्यमंत्री कन्या विवाह
(कार्यक्रम)

## हड़ताली पंचायत सचिवों ने आदेश की प्रतियां जलाईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं पंचायत सचिव

छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। इसको लेकर पंचायत संचालनालय ने सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सीईओ को पत्र जारी किया है। पत्र में हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का निर्देश दिया गया है और साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि वे निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश से भानुप्रतापपुर ब्लॉक के हड़ताल कर रहे सचिवों ने आक्रोशित होकर आदेश की प्रतियों को आग के हवाले कर सरकार के प्रति अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत सचिव 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### परीक्षा के बाद केंद्राध्यक्ष ने छात्रों को किया मोटिवेट

**दुर्गूकोंदल।** हाई स्कूल परीक्षा के अंतिम आमागढ़ में केन्द्राध्यक्ष के द्वारा आगामी वर्ष कक्षा 11 वीं में कौन सा विषय लेकर अध्ययन करना चाहेंगे, इस पर चर्चा किया गया। साथ ही ग्रष्म अवकाश में निरंतर अध्ययन से जुड़े रहने की सलाह दिया। परीक्षा केंद्र हाई स्कूल आमागढ़ में ईरागांव, हानपतरी एवं आमागढ़ से कुल 51 छात्र-छात्राएं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 2 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सहायक केंद्राध्यक्ष रघुनाथ सिंह साहू, प्रभारी प्राचार्य आमागढ़ सबल सिंह दीवान, उदेराम राम भुआर्य, विनोद कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार रावटे, गजेंद्र शांडिल्य सहयोग रहा।

### गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**धनेलीकन्हार।** छग संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गहन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में एनिमिया कार्यकम आयोजित किया गया, जिसमें 128 लाभान्वित हुए। एनिमिया कार्यकम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, धनेलीकन्हार शिविर प्रभारी एंव डॉ. सचिन विरखेड़े आयुष चिकित्सा अधिकारी पीढ़ापाल, डॉ ताता राव आयुष चिकित्सा अधिकारी सुरेली, कुलदीप फार्मासिस्ट परसोदा, जगन्नाथ साहू फार्मासिस्ट पीढापाल, दिनशो नरेटी औषधालय सेवक धनेलीकन्हार ने कार्यकम सफल बनाने में योगदान दिया।

### विधायक एवं कलेक्टर ने नवदंपत्ति को दी बधाई

**कांकेर।** जिले के नरहरपुर ब्लॉक में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 88 दंपति का विवाह संपन्न हुआ, जहां पर सभी नवदम्पतियों को 35-35 हजार रुपए के चेक वितरित वितरित किए गए। उक्त विवाह समारोह में पहुंचकर विधायक आशाराम नेताम और कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत कांकेर और नरहरपुर ब्लॉक के 88 जोड़े विवाह के लिए शामिल हुए।

### जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल का प्रथम सम्मिलन 4 मार्च को

**दुर्गूकोंदल।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जनपद पंचायत दुर्गूकोदल की प्रथम सम्मिलन (विशेष) कलेक्टर कार्यालय (पंचायत) समय-सारणी अनुसार जनपद पंचायत दुर्गूकोदल काअध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रथम सम्मिलन की सूचना जारी की गई है। जनपद पंचायत दुर्गूकोदल का प्रथम सम्मिलन (विशेष) आयोजन करने की तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई है।

# पंचायत सचिवों की बेमियादी हड़ताल जारी, आदेश की प्रतियां जलाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

पंचायत सचिव पिछले 18 मार्च अनिश्चिकालीन हड़ताल पर है, जिससे पंचायत स्तर के कार्य प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों के पंचायत स्तर के काम काज नहीं हो पा रहे है, ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन्ही समस्याओं को देखते हुए राज्य शासन द्वारा 21 मार्च को आदेश जारी कर हड़ताली पंचायत सचिवों को 24 घण्टे के भीतर हड़ताल को समाप्त कर अपने कर्तव्य पर वापस जाने के लिए कहा गया है। आदेश का अवहेलना करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाएगा।

वही पंचायत सचिवों ने हड़ताल के पांचे दिन राज्य सरकार के द्वारा आए आदेश पत्र की प्रति को जला कर हड़ताल को निरन्तर रखते हुए हड़ताल पर बने रहेगे, पंचायत सचिवों ने कहा हम पिछले 30 सालों से अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, किसी सरकार ने हमारी बात नहीं सुनी, हम अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करते आ रहे है। वर्तमान सरकार ने चुनाव के समय वादा किया था पर अपने वादों को पूरा नहीं कर रहे है।

## 30 सालों से लड़ रहे अपने हक की लड़ाई, किसी सरकार ने नहीं सुनी हमारी बातः सचिव संघ

सचिवों ने कहा नहीं जाएंगे वापस, हड़ताल रहेगा जारी



### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष उमेश पांडे, लक्ष्मण बघेल, नारायण पांडे, कुमेंद्र पांडे, डमरू राम नाग, कार्तिक नेताम, सूदरन, लकेश मरकाम, रीना, माधुरी सहित अन्य पंचायत सचिव उपस्थित रहे।*

## बस्तर पंडुम का जिला स्तरीय आयोजन, कार्यक्रम में शामिल हुए वनमंत्री

# लोक परंपराओं के संरक्षण से हमारी संस्कृति होगी सुरक्षितः मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अद्भुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से हर साल की तरह इस साल भी बस्तर पंडुम का आयोजन किया गया, जहां इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, संसदीय कार्य एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर प्राकृतिक रूप से समृद्ध है, जिसे देखने के लिए देश विदेश पर्यटक प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में आते हैं।

■ लोकनृत्य, संस्कृति, परंपरा, खान-पान और वेशभूषा का संरक्षण है उद्देश्य

### सतत विकास के लिए कला समूह को करें प्रोत्साहित

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से जनजातीय कला, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन और पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षित करना और कला समूहों के सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार वनवासी क्षेत्र में रहने वाले हमारे आदिवासी भाई एवं बहनों की संस्कृति एवं जल जंगल जमीन को बचाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### संस्कृति को बचाए रखने की अपील



कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के संस्कृति, वेशभूषा, रहन सहन, खान पान, बोली भाषा आदि को बचाए रखने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इस कदम को ऐतिहासिक बताया है। देवताओं की पूजा पद्धति, विभिन्न जातियों की संस्कृति संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ी को संस्कृति, लोक नृत्य, वेशभूषा, जात्रा सहित बस्तर की संस्कृति को बचाए रखने के लिए अपील किया। नगरपालिका अध्यक्ष श्री इंद्रप्रसाद बघेल ने बस्तर पंडुम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर पंडुम आयोजन से जनजातियों का संस्कृति को बचाए रखने के लिए सरकार की यह पहल सराहनीय है। छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार ने हल्बी बोली में संबोधित करते कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने वाले वनांचल में रहने वाले लोग ही हैं। राज्य सरकार के द्वारा बस्तर पंडुम के माध्यम से आदिवासियों की जीवन पर्यंत किये जाने वाले कार्य ही संस्कृति के रूप में जाना जाता है, उसे संरक्षित करने के लिए बस्तर पंडुम एक माध्यम के रूप में यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाएगा। सरकार की यह कदम अस्मरणीय रहेगा।

### प्रकृति से जुड़े हुए हैं वनांचल निवासी

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वनांचल में रहने वाले लोग प्रकृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने विश्व वानिकी दिवस गत 21 मार्च को आयोजित हुआ, जिसका उल्लेख करते हुए कहा आदिवासी परंपरा को जिवित रखने के लिए कई अवसरों पर पत्ते से भोजन करते हैं। जंगल के लघुवनोपज आम, आंवला, महुआ, टोरा, चिरोंजी, तेंदु, बेहड़ा, चार, गोंद इत्यादि से निर्भर रहते हैं, ये जनजातियों का संस्कृति माना जाता है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाएगा। बस्तर के लोग देवी देवताओं, आराध्य देवी की भक्ति करने वाले लोग हैं। हम सब सौभाग्य हैं कि देश दुनिया के लोग बस्तर की संस्कृति को अवलोकन करने आते है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के एतिहासिक धरोहर कुटुमसर की गुफा, चित्रकोट जलप्रपात, हांदावाड़ा कांगेरवेली जैसे स्थानों का जिक्र करते हुए बस्तर की सुदरता को बनाए रखने कहा। उन्होंने गढ़बेंगाल में जन्में टायगर बॉय चेंदरू मण्डावी के द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया।

### ऐतिहासिक आयोजन

सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग में जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अद्भुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जो एक बस्तर के लिए ऐतिहासिक महत्व का आयोजन है। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के लिए बस्तर पंडुम का आयोजन संस्कृति एवं परंपरा को बचाए रखने के लिए बेहतरीन कार्यक्रम साबित होगा। जिला स्तरीय बस्तर पंडुम कार्यक्रम का आयोजन ग्राम माहाका के इंडोर स्टेडियम में किया गया। जनजातीय नृत्य में नेतानार के कचरा वड्डे एवं साथियों ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। जनजातीय नाटक में कौशल कोर्राम एवं साथी, गीत में बोरावण्ड के हेमलता एवं साथी, वाद्ययंत्र में कोडोली के राजूराम एवं साथी, वेशभूषा एवं आभूषण में दिनेश सलाम एवं साथी, शिल्प एवं चित्रकला में बलदेव मण्डावी एवं साथी, पेय पदार्थ एवं व्यंजन में राधिका प्रतिमा एवं साथियों को पुरस्कार प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री वैद्यराज हेमचंद मांझी, राज्य अलंकरण दाउ मंदराजी पुरस्कार से सम्मानित पंडीराम मण्डावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री प्रताप मण्डावी, जनपद पंचायत नारायणपुर के अध्यक्ष श्रीमती पिंकी उसेण्डी, ओरछा नरेश कोर्राम, नगरपालिका उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री चैतुराम कुमेटी और श्री मंगडूराम नूरेटी, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, डीएफओ ससिगानंदन के, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, जनपद पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आधे घंटे की बारिश से भीग गए हजारों बोरे धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के करपावण्ड इलाके में शनिवार की दोपहर बाद हुई आंधी और बारिश ने खुले में पड़े धान के बोरों को काफी नुकसान पहुंचाया है। ओडिशा सीमा पर स्थित कोलावल लैम्पस में घने जंगल के मैदान में 20 हजार से अधिक धान के बोरे पड़े हुए हैं। आधे घंटे की बारिश से प्लास्टिक के तालपतरी उड़ गए और लगभग सभी बोरे पानी में भीग गए। यहां ओले भी गिरे।

■ कोलावल लैम्पस में खुले में पड़ा है 20 हजार बोरा धान

हरिभूमि ने शाम करीब 4 बजे लैम्पस कोलावल में नजरा देखा, जहां लैम्पस प्रबंधक सतीश पांडे मौके से गायब रहे। चपरासी सुखनाथ ने बताया कि 3-4 दिन में एक ट्रक धान का उठाव बड़ी मुश्किल से हो रहा है। बोरों को ढका गया है, लेकिन तेज आंधी ने तालपतरी उड़ा दिए। गौरतलब है कि 31 जनवरी को धान खरीदी बंद हो गई है। लगभग 2 महीने सरकारी खरीदी बंद होने का समय बीत चुका है। लेकिन जिला विपणन अधिकारी की लापरवाही और मिलर्स की मनमानी से सरकारी धान को भारी नुकसान हो रहा है। लैम्पस में मौजूद 5 कर्मचारियों ने बताया कि दिन और रात में रखवाली करनी पड़ रही है। आज भी बारिश ने हजारों बोरे धान को क्षति पहुंचाई है। लैम्पस प्रबंधक कई किमी दूर जैबेल में रहते है। उनके मोबाइल पर कॉल करने पर रिसीव नहीं किया।

### यह मिलर्स की मनमानी है



इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी एस.रजा ने बताया कि डीएमओ आरओ जारी करते है, उनके द्वारा मिलर्स को धान उठाने को कहा जाता है यदि इतने समय बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है तो यह मिलर्स की मनमानी है। इस पर जल्दी पहल होनी चाहिए। बताया गया कि बंशी उमर बैस मिलर्स के नाम आरओ जारी हुआ है लेकिन कछुआ गति से कभी कभार एक ट्रक धान का उठाव होने से सरकारी धन का नुकसान हो रहा है।

# गांवों को सशक्त बनाने वाले सरपंच, उपसरपंच जिपं व जनपद सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जन-प्रतिनिधियों का सम्मान गोंड़वाना भवन भानुप्रतापपुर में समाज के द्वारा किया गया। समारोह में 52 पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए चांवल का टीका, गमछा और पेसा कानून का किताब भेंट किया गया। गोंड़वाना भवन में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि ग्राम सभाओं को कैसे सशक्तिकरण करें, पेसा में दिए गए आधिकारों को कैसे गांवों में कानून के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है, जिसमें हम अपने गांव के छोटे छोटे बुनियादी



ढांचा तैयार कर गांव को विकास की ओर ले सके, हम आदिवासी समाज पंचायती राज के व्यवस्था से चुनकर जनप्रतिनिधि है, पंचायती राज व्यवस्था, भारत में ग्रामीण इलाकों में स्थानीय स्वशासन की प्रणाली है। यह व्यवस्था ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है। पंचायती राज व्यवस्था के तहत, ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां और जिला परिषदें काम करती हैं, जो 5 साल तक हमें जिम्मेदारी दी गई है उसे खरा उतरना है। इससे समाज व गांव का विकास होगा। इस सम्मान समारोह में शिव तुमरेटी, देवलाल दुग्गा, जीवन ठाकुर, विनोद शोरी, अजय कोर्राम, हरिचंद कौवड़ो, काशी दर्रो, बिरेंद्र कोरेटी, तिलक दर्रो, बीरसिग, नरेश देव नरेटी, संजीव मंडावी, राधे लाल मंडावी, कृष्ण पोटाई, बीरसाय तेता, झाड़ं राम उईका, कामदेव टेकाम, लालसिंह पोटाई, झाड़ गोटा, शिव गोटा, खिलेश कौवड़ो, अर्जुन गोटा, कैलाश दर्रो अशोक तेता, राजेन्द्र उसेंडी आदि उपस्थित रहे।

# लालबाग में मंदिर को तोड़ कर हटाने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को लालबाग मैदान किनारे स्थित चबुतरे में भगवान के फोटो व मंदिर को जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया। हालांकि विहिप व बजरंग दल का दावा है,कि चबुतरे के समीप पेड़ के निचे शिव मंदिर था। जिसे बिना सूचना के प्रशासन द्वारा तोड़फोड़ कर हटाया गया।

इस दौरान बवाल की स्थिति निर्मित हुई। तोड़फोड़ की सूचना जैसे ही हिंदूवादी संगठनों को मिली बड़ी संख्या में विहिप,बजरंग दल और सक्षम के कार्यकर्ता स्थल पर पहुंच जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा इतने में भी शांत



नहीं हुआ और वे प्रशासन के विरोध में मोर्चा खोलते सड़क के बीचों-बीच बैठकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान योगेंद्र कौशिक,मुन्ना कोरी,अविनाश गौतम,भवानी सिंह चौहान सोमेश राठौर सन्नी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घण्टो विरोध प्रदर्शन के बाद प्रशासन अपनी गल्ती स्वीकार करने से ही मामला शांत हुआ।

## प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

# बस्तर पंडुम के शुभारंभ में पारंपरिक नृत्य व लोकगीतों की रोचक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्थानीय प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में शनिवार को जिला स्तरीय बस्तर पंडुम का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने कहा कि यह आयोजन बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को मंच प्रदान किया जा रहा है, जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिल रही है। इस उत्सव में विभिन्न जनजातीय समूह अपनी कला और परंपराओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों के स्थानीय लोक कलाकारों, जनजातीय समुदायों और संस्कृति प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। बस्तर पंडुम न केवल संस्कृति को सहेजने का प्रयास है बल्कि सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस दौरान हजारों प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ हस्तशिल्प और आदिवासी रीति-रिवाजों को मिला समुचित मंच




उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम के अन्तर्गत अनेक विधाएं शामिल की गई है। जिसमें जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा, परब सहित लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत- चैतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेषभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषय-वस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकुम, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ, मुंडाबाजा, चिकारा शामिल रहे। जिन्हें संयोजन, पारंगता, प्रकार, प्राचीनता के आधार पर अंक दिए गए। जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन विधा में लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहूंटा, बिछिया. ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, नकबेसर जैसे आभूषण में एकरूपता, आकर्षकता, श्रृंगार, पौराणिकता को महत्व दिया गया। जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन विधा के अंतर्गत घड़वा, माटी कला, काष्ठ, ढोकरा, लौह प्रस्तर, गोदना, भित्तीचित्र, शीशल, कौड़ी शिल्प, बांस की कंघी, गीकी (चटाई), घास के दानों की माला प्रदर्शन प्रस्तुतियां हुई। साथ ही जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन- सल्फी, ताड़ी, छिंदरस, लांदा, कोसरा, जोन्धरा एवं मड़िया पेज, चापड़ा चटनी, सुक्सी पुड़गा,मछरी पुड़गा,मछरी झोर, आमट साग, तिखुर, बोबो इत्यादि के बनाने की विधि, स्थानीय मसाले, स्वाद, प्रकार का प्रस्तुतिकरण बस्तर पंडुम के मुख्य आकर्षण रहे।

### समाज प्रमुखों ने कहा सरकार की सराहनीय पहल

पूर्व विधायक एवं सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजाराम तोड़ेम ने बस्तर पंडुम को राज्य सरकार की जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विविधता को देश-दुनिया में पहुंचाने की अनुपम प्रयास रेखांकित किया। वहीं पूर्व विधायक लछुराम कश्यप ने बस्तर पंडुम को जनजातीय संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करने की दिशा में उल्लेखनीय पहल निरूपित करते हुए बस्तर पंडुम में सहभागी बने सभी लोक कलाकारों और सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों से इस दिशा में गांव-गांव तक जागरूकता लाने सहित भावी पीढ़ी को जोड़ने का आग्रह किया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी ने बस्तर पंडुम को जनजातीय समुदाय के भावी पीढ़ी के लिए समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सीखने-समझने का बेहतर मंच बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में भावी पीढ़ी अपनी संस्कृति,परम्परा, रीति-रिवाजों से दूर हो रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### विधायक व कलेक्टर...

विधायक ने नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को साफ तौर पर कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करें। इसके साथ ही अस्पताल कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचने और परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।

### गांवों को सशक्त...

बीरसिग, नरेश देव नरेटी, संजीव मंडावी, राधे लाल मंडावी, कृष्ण पोटाई, बीरसाय तेता, झाड़ं राम उईका, कामदेव टेकाम, लालसिंह पौटाई, झाड़ गोटा, शिव गोटा, खिलेश कौवड़ो, अर्जुन गोटा, कैलाश दर्रो अशोक तेता, राजेन्द्र उसेंडी, तुलेश दर्रो, नन्द कुमार मरकाम, पुरन कोमरा, बसंती कुंजाम, प्रिति गावड़े, सावित्री दर्रो, मंजू कोमरा, खुशबू कोमरा, झरना ध्रुव, देवेन्द्र टेकाम, सुना तेता, निर्मला कौवड़ो, ममता ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### संगठन के नेताओं...

से लगातार सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन से इस मामले में हरिभूमि ने बात किया तो उनका कहना था कि मीडिया में यह विषय आया है। मैने संज्ञान में लिया है, इस मामले में जिस अधिकारी की गल्ती होगी, उसके बारे में जानकारी एकत्र करके पता लगाया जाएगा। इस तरह की गल्ती दुबारा न हो, यह प्रयास किया जाएगा। प्रोटोकाल का पालन किया जाना चाहिए, यह अधिकारियों को ध्यान रखने की जरूरत है।

### हड़ताली पंचायत...

ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हड़ताल की वजह से अनिवार्य सेवाओं और हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रशासन ने सचिवों से जल्द से जल्द कार्य पर लौटने की अपील की है, ताकि पंचायतों के कामकाज में हो रही देरी को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली बहाल की गई



**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत कुरकानार एवं ग्राम पंचायत टिकरालोहंगा में 3 दिन से लाइट गुल से ग्रामीण परेशान थे। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारी एनएस कशी ने समस्या का समाधान किया और आज उनके पहल पर ग्राम पंचायत टिकरालोहंगा में जला ट्रांसफॉर्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगाया है। ग्राम पंचायत कुरूकानार में तार टूटने से लाइट गुल की समस्या थी जिसे तत्काल तार जुड़वा कर लाइन बहाल किया गया।

### छात्राएं सात दिवसीय कैंप के लिए अंबिकापुर रवाना



**भोंड।** राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय बस्तर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर प्रो. भावेश कुमार नेताम एवं प्रो मौसमी विश्वास , जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय कैंप के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की ओर से मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर की छात्राएं कु. काजल कश्यप एवं कु. दुतिका मंडावी अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए हैं। कार्यक्रम अधिकारी रघुनंदन भूआर्य, शेषनारायण उईके एवं समस्त स्टॉफ ने उक्त छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं राज्य स्तरीय कैंप के लिए रवाना किया।

### सतनाम महोत्सव का हुआ आयोजन

**गीदम।** गुरु घासीदास सतनाम सेवा समिति गीदम के तत्वाधान में सतनाम महोत्सव का आयोजन 23 मार्च रविवार को सतनाम भवन परिषद वार्ड नंबर 14 कड़ती पारा गीदम में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दंतेवाडा विद्यालय चैतराम अटामी व कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना उपस्थित रहेंगे।

### टोण्डामार्का गांव कभी नक्सलियों का था सुरक्षित ठिकाना

# दुर्गम स्थान टोण्डामार्का पहुंच सीआरपीएफ ने किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा





सीआरपीएफ 131वीं बटालियन ने दुर्गम गांव टोण्डामार्का पहुंच ग्रामीणों का इलाज कर जरूरत के सामान वितरण किए। कमांडेन्ट दीपक कुमार साहू की उपस्थिति में कोण्टा ब्लॉक के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के ग्राम टोण्डामार्का में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में ग्राम टोण्डामार्का, गुडराजपाड़ कन्हीमार्का, दुर्मा, पोटेबंग, एल्मागुंडा के ग्रामीण सीआरपीएफ कैम्प टोण्डामार्का पहुँचे इस शिविर का लाभ उठाया।

उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर अजीत कुमार सहायक कमांडेन्ट, शेजोल राहुल सुरेश सहायक कमांडेन्ट ने अपनी बी.एंव एफ.131 वाहिनी की टीम के साथ प्रोगाम का आयोजन कर ग्रामीणों को जरुरत का सामान वितरित किया गया एवं इसी अवसर पर डॉक्टर दर्शप्रीत सिंह चिकित्सा अधिकारी 131 बटालियन के द्वारा ग्रामीणो कि उचित चिकित्सा हेतु मेडिकल कैम्प लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों का समान्य स्वास्थय चैकअप मरीजों जिसमे महिलाओं पुरुष व बच्चों उचित ईलाज कर आवश्यक दवाईया का वितरण किया गया। साथ ही मलेरिया से बचने के उपाय व सही वक्त पर ईलाज कि सलाह डॉक्टर के द्वारा दिया गया।

कार्यकम मे उपस्थित सभी ग्रामीणों के लिए भोजन का प्रबंध किया गया। ज्ञात हो कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र का ग्राम टोण्डामार्का गांव कभी नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। इस इलाके में चौबिसों घंटे नक्सलियों की मौजूदगी रहती थी, लेकिन जब से टोण्डामार्का मे सीआरपीएफ का कैम्प खोला गया है उसके बाद से सुरक्षा बलों के अधिकारियों द्वारा कई बार ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती उस गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी। इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षाबलों के बीच बेहतर संबध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कमांडेन्ट ने कहा दुर्गम स्थान पर मौजूद ग्रामीणों को वास्तविक लाभ पहूंची इसके लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किए जाते है। क्षेत्र के सभी ग्रामीण हमारा परिवार है और गाँव हमारा घर है हम अपने परिवार रुपी सभी ग्रामीण लोगो की सहायता एंवम सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगे। विकास कार्यों को करवाने, ग्रामीणों की सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं का समाधान हेतु सीआरपीएफ सदैव उनके साथ है।

## काम पर लौटने के आदेश से नाराज सचिवों ने आदेश की प्रतियां जलाईं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 17 मार्च से हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव संघ के सदस्यों ने आज अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार के आदेश की प्रतियां जला दीं। सचिव संघ का कहना है कि सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है और उन्हें जबरन काम पर लौटने की धमकी दी जा रही है।

■ आदेश और कार्रवाई की धमकी से सचिव संघ में आक्रोश

पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष रूपसिंह बघेल ने सरकार के इस आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उचित बातचीत की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे काम पर नहीं लौटेंगे।

इस अवसर पर धनेश्वर जोशी, विद्या नेताम, हेमधर ठाकुर, पदम बघेल, मदन बघेल, नेहरू मौर्य, लक्ष्मीनाथ निषद, जगदीश कश्यप, लक्ष्मण बघेल, दिलीप कश्यप, देवेश ठाकुर, राजकुमार बघेल, साधुराम मौर्य, भीम बघेल, राजेश नेताम, पनकु राम कश्यप, अनन्त कश्यप, जय सिंह कश्यप, पूर्णिमा सार्दुल, पारेश्वरी बघेल, संगीता यादव, पुष्पलता ठाकुर, दीपिका गांवर, बिगनेश्वर सार्दुल, जोगेंद्र पांडेय, मनु बघेल, चेतना बघेल, खू सिंह ठाकुर, विक्रांत भारद्वाज, सोना देई बघेल, जोगेश्वर पाणिग्राही, रिंगो दीवान समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने सादगी के साथ लिया शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

जनपद पंचायत बकावंड में गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सीईओ और तहसीलदार ने कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिनमें मुख्य रूप से जशकेतन जोशी, लालेन्द्र बाकड़े, जगमोहन बघेल, बैसाखू भारती, राजमन भारती, निर्मला कश्यप, दमयंती कश्यप, सीतावती कश्यप, नीरबती बघेल, मंगलदेई बघेल शामिल रहे। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण के साथ ही सदस्यों ने क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपने दायित्वों का पालन करने का संकल्प लिया।

### पंचायत सचिवों की मांग को जायज ठहराया

कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद जनपद के समक्ष शासकीयकरण की 1 एक सूत्रीय मांग को लेकर बेमियादी हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों की मांग का समर्थन किया, सदस्य जगमोहन बघेल ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल हमेशा कर्मचारी हितैषी रहे हैं उन्होंने पिछली सरकार के दौरान भी इस मांग को लेकर अपनी ओर से पूरा जोर लगाया था।

## डॉ. वीरेंद्र पुनः बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

राजपूत छत्रीय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उप समिति जगदलपुर के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ।

इस चुनाव में केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में कांकेर उप समिति से ठाकुर राजेन्द्र सिंह ठाकुर, गिरीश गौतम, ठाकुर धीरज सिंह के उपस्थिति में उप समिति जगदलपुर का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। उप समिति जगदलपुर के सभी 17 पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष डॉ.मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद ठाकुर, सचिव ठाकुर नोहर सिंह राजपूत, उपसचिव ठाकुर सतीश सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर गोपाल सिंह राजपूत, केंद्रीय निर्णायक सदस्य ठाकुर राजेंद्र सिंह राजपूत, एवं उप समिति जगदलपुर के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ठाकुर ऐक सिंह, ठाकुर अश्वनी सिंह राजपूत, ठाकुर प्रवीण सिंह ठाकुर प्रकाश वर्मा, ठाकुर मुकेश सिंह, डॉ. पीएस बैस और तीन मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। ठाकुर शिव सिंह राजपूत, ठाकुर राकेश सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह राजपूत।

साथ में महिला मंडल और युवा मंडल का भी चुनाव संपन्न हुआ जिसमें महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुषमा राजपूत , सचिव श्रीमती सुरेखा चंदेल और युवा मंडल अध्यक्ष ठाकुर यतेंद्र सिंह विनोद, सचिव तोयेश चंदेल सहित सभी 17 पद निर्विरोध चुने गए।

### लामकेर में उन्मुखीकरण परियोजना का आयोजन



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत लामकेर में भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन द्वारा संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका संचालन बस्तर सेवक मंडल संस्था के द्वारा किया जा रहा है। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिले के विकासखण्ड बस्तर बीआरएलएफ द्वारा संचालित हाई इंम्पैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना को आगामी 4 वर्षों (अक्टूबर 2024 से सितम्बर 2028 तक) के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है। हाई इंम्पैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना का संचालन संस्था बस्तर सेवक मंडण्ल जगदलपुर से किया जा रहा है । ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को आजीविका के साथ जोड़ने कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम ) संबंधित कार्यों को बढ़ावा देने हेतु बीआरएलएफ अन्तर्गत बस्तर सेवक मंण्डल संस्था सीएसओ की मदद कर रही है सीएसओ के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वाटर सेड व आजीविका संबंधित कार्यों को किया जाना हैं।

## समाज प्रमुखों एवं आम नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ दन्तेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक के दौरान समाज प्रमुखों और सभी नागरिकों से शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने सहित आपसी तालमेल व भाई-चारा बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु उचित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान प्रार्थना सभा एवं चंगाई सभा आयोजन हेतु सतर्कता बरतने सहित नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने, मतांतरित-विश्वासी परिवार के पारिवारिक अनुष्ठान शादी-विवाह, अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए सजगता आदि सहित चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में सहयोग प्रदान करने, 31 मार्च को ईदुल फितर, 6 अप्रैल को रामनवमी शोभा यात्रा तथा 18 अप्रैल को गुड फ्राईडे के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। वहीं सभी लोगों से आग्रह किया गया कि किसी व्यक्ति विशेष द्वारा किसी धर्म, जाति, समुदाय पर सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से गलत टिप्पणी या आपराधिक कृत्य किया जाता है तो इसे धार्मिक रूप न देवें। ऐसे व्यक्ति पर कानून के तहत कार्यवाही की जावेगी। धार्मिक जुलुस, सभा में द्वेषपूर्ण भाषण या टिप्पणी नहीं करें। अन्य प्रदेश में होने वाले विवादों को लेकर जिले में किसी भी प्रकार से उपद्रव नहीं करें।

## चार माह से वेतन नहीं, आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्यरत कर्मचारियों का आंदोलन अखबार की सुर्खियों में रहा। बीजेपी की सरकार बनने के बाद इन कर्मचारियों को इस सरकार से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। बीते एक साल में ये कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे।

कमेटी बनी किंतु निर्णय नहीं आ पाया इसके विपरीत कर्मचारियों पर पी एम आवास , एस बी एम के अलावा अन्य कार्य लिए जा रहे है और तो और इन्हें विगत 4 माह से वेतन भी नहीं दिया गया है। इन आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के कारण महासंघ के आह्वान पर मनरेगा कर्मचारियों ने कलेक्टर संबित मिश्रा को 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने इनके वेतन भुगतान से संबंधित यथासंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। 4 सूत्रीय मांग में नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक मनरेगा कर्मियों के सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति तत्काल लागू किया जावे। पूर्व में किये गये हड़ताल अवधि का वेतन मानदेय तत्काल प्रदान करें। विगत 3 व 5 माह से लंबित वेतन व मानदेय का तत्काल भुगतान किया जावे। मनरेगा कर्मियों से केन्द्र व राज्य भासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जावे।

### हड़ताल पर जाने की बन रही रणनीति

ज्ञापन में कहा गया है कि जल्द ही मानव संसाधन नीति लागू नहीं करने, पूर्व हड़ताल अवधि व विगत 5 माह से लंबित वेतन व मानदेय का भुगतान न होने तथा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अलावा अन्य कोई कार्य कराये जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त 12500 मनरेगा कर्मी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान छत्तीसगढ़ मनरेगा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ठाकुर , जिला जनपद स्तर के पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में मनरेगा कर्मचारी उपस्थित थे।

### 1 करोड़ 27 लाख का भुगतान बाधित

वर्तमान में जिले में लगभग 150 कर्मचारी मनरेगा योजना में कार्यरत हैं, जिनका वेतन राशि कुल 1 करोड़ 27 लाख रुपए भुगतान नहीं हो पाया है।

## छिन्दबहार स्कूल में शाला सुरक्षा समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



दरभा विकासखण्ड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में जनप्रतिनिधियों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालकों, शिक्षकों का एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शाला में हो रही चोरी, वैकल्पिक बाउंड्रीवॉल तार फेंसिंग को तोड़ना, शाला की लाईट बोर्ड की तोड़ फोड़,शाला परिसर में लगे पेड़-पौधों को काटना- उखाड़ना-जलाना आदि विषयों को लेकर उपस्थित सभी लोगों के बीच विस्तार से आपसी चर्चा-परिचर्चा कर विचार विमर्श किया गया। अंत में निष्कर्ष निकाल कर सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया और शाला सुरक्षा समिति का गठन किया गया। और कहा कि उपरोक्त में से किसी भी शासकीय सम्पत्ति को यदि कोई भी नुकसान पहुंचता है तो उसे 5000 रुपए जुर्माना लिया जाएगा और आगे कार्यवाही भी किया जाएगा। साथ ही आते जाते सभी लोग शाला परिसर की ओर ध्यान रखेंगे। और यदि स्कूल के शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाता हुआ किसी को देखता है और बताता है तो बताने वाले को 1000रुपए का इनाम देकर उसके नाम को गुप्त रखा जाएगा ऐसा निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सरपंच छिंदबहार सोनधर कश्यप, उपसरपंच वीर सिंह नाग,उपसरपंच कोयनार दीपक कश्यप, एसएमडीसी अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व सरपंच तुलाराम कश्यप, प्राचार्य जेआर मौर्य, व्याख्याता डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, राजेश गुप्ता, बुधराम कश्यप,उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, सुबोध शुक्ला, पंच सोमारू कश्यप, लक्ष्मण बघेल, चिंगड़ू, महादेव कश्यप, शिवराम, लच्छिन मंडावी आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई जाएगी राम नवमी

**गीदम।** नगर में इस वर्ष भी राम नवमी महोत्सव को अत्यंत धूमधाम और भक्तिपूर्ण माहौल में मनाने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस संदर्भ में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं युवा वर्ग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कई अहम निर्णय लिए गए, जिससे कि इस वर्ष का आयोजन पहले से भी अधिक भव्य और ऐतिहासिक बनाया जा सके। समिति के निर्णयानुसार, संपूर्ण गीदम नगर को भगवा रंग में रंगा जाएगा। मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों, मंदिरों और महत्वपूर्ण स्थलों पर भगवा ध्वज एवं पताकाएँ लहराई जाएंगी। इस विशेष साज-सज्जा से नगर का हर कोना भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा हुआ नजर आएगा। पूरे नगर को राममय करने हेतु भव्य तोरण द्वार एवं स्वागत द्वार बनाए जाएंगे 6 अप्रैल को संध्या 5 बजे निकाली जाने वाली श्रीराम शोभायात्रा इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। यह भव्य यात्रा बाबा रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर हारम पारा चौक, हारम, बस स्टैंड गीदम, हारम, बाबा रामदेव मंदिर तक जाएगी। यात्रा में सैकड़ों भक्तजन भगवा ध्वज लिए जय श्रीराम के जयघोष करेंगे।

### पंचायत सचिव आंदोलन पर अड़े...



**जगदलपुर।** पंचायत सचिवों का कृषि उपज मंडी परिसर में शनिवार को भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। वे मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने से हड़ताल पर चले गए हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगी।

### जलाया आदेश कापी किया विरोध प्रदर्शन



**लोहंडीगुड़ा।** प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल ब्लाक मुख्यालय लोहंडीगुड़ा में आज शासन के द्वारा हड़ताल समाप्त करने का आदेश प्राप्त था उसे जला कर शासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

## कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स खो-खो जैसे 18 खेल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आज जगदलपुर में बस्तर संभाग रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद का आयोजन प्रारंभ किया गया। इस दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में बस्तर संभाग के सातों जिलों से विभिन्न खेलों में पुलिस प्रतिभागी शामिल होंगे। धर्मपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जगदलपुर में रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ के अवसर पर महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी, पुलिस अधीक्षक, बस्तर सलभ सिंहा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दो दिवसीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स खो खो जैसे 18 खेल का आयोजन होंगे। बस्तर रेंज के सभी 7 जिलों के 380 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान स्पोर्ट्स मीट में भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च की सुबह पुलिस स्पोर्ट्स मीट के अवसर पर हाथा ग्राउंड जगदलपुर में मीडिया और पुलिस कर्मियों के बीच एक प्रदर्शनी क्रिकेट मैच होगा। संभाग स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता खेलकूद का समापन कार्यक्रम 23 मार्च के शाम को धर्मपुरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जगदलपुर में संपन्न होगा।

## हाथीपांव से बचने 4.29 लाख लोगों को खिलाई गई दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विकासखण्ड बकावण्ड, बस्तर एवं तोकापाल में सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम 27 फरवरी से 19 मार्च तक चलाया गया, जिसमें 4 लाख 29 हजार 146 लोगों ने दवा का सेवन किया, 445207 लोगों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। फाईलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रमक रोग है, जिसे हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। फाईलेरिया शरीर को दुर्बल, अपंग एवं कुरूप करने वाली एक बीमारी है। फाईलेरिया परजीवी संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य को फैलता है। संक्रमण के बाद 5 से 15 वर्ष में हाथीपांव, हाईड्रोसील, स्तन, हाथ में सूजन, के रूप में दिखाई देता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि उक्त तीनों विकाखण्डों में 857 टीम द्वारा 3 मार्च से समुदाय स्तर पर घर-घर भ्रमण कर सामने दवा सेवन किया जा रहा है, जो 19 मार्च तक किया गया। साथ ही समस्त उपरोक्त विकाखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, मेडिकल कालेज, के ओपीडी के पास हाथीपांव से बचने का दवा 1630 लाभार्थियों को खिलाया गया एवं हाईड्रोसील मरीजों को चिन्हांकित कर ऑपरेशन शुरू किया गया।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीकृत परीक्षा का सघन निरीक्षण

**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता के प्रभारी बीएन नरेटी, दल सदस्य किशोर विश्वकर्मा, रामचंद्र दुग्गे, प्रमिता शाह, विनिता वट्टी द्वारा केन्द्रीकृत परीक्षा का लगातार निरीक्षण किया जा रहा। केन्द्रीकृत परीक्षा केंद्र माशा कोदापाखा, माशा बांगाचार, माशा कोपाकटेल एवं माशा पाऊरखेडा का 22 मार्च को निरीक्षण किया गया। किसी भी शाला में नकल सामग्री नहीं मिला। सभी शालाओं में परीक्षा शांति पूर्वक संचालित हुआ।

### पीडब्ल्यूडी कार्यालय व परिसर की साफ-सफाई

**जगदलपुर।** कमिश्नर के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे, अधीक्षण अभियंता डीएल टेकाम के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत पीडब्ल्यूडी के सीई, एसई कार्यालय एवं परिसर की शनिवार को साफ-सफाई की।

### एनसीसी कैडेटों ने मनाया विश्व जल दिवस

**भोंड।** छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल चंचल दास गुप्ता व सुबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश से इस यूनिट के अधिनिस्त एनसीसी संचालित बस्तर संभाग के विद्यालय एव महाविद्यालयों में 310 एन सी सी कैडेटों ने दिनांक 22 मार्च 2025 को विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी और व्याख्यान देकर आम जनों को जागरूक किया। व कडैटो.को पानी का उचित उपयोग भविष्य में आने वाली पानी की कमी की जानकारी दी गई कैडेटों ने जल के महत्व एवं उनके संरक्षण के उपाय को जाना इस अवसर पर पीआई स्टाफ और एएनओ उपस्थित रहे।

### महंगाई राहत का आदेश नहीं की जारी,पेंशनरों ने जताई नाराजगी

**जगदलपुर।** होली के पूर्व नियमित कर्मचारियों को तो 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश कर दिया गया लेकिन पेंशनरों को महंगाई राहत देने के मामले में सरकार चुप्पी साधे बैठी है। यह पेंशनरों के साथ घोर अन्याय नहीं तो और क्या है।उक्त बातें को चित्रकोट में पेंशनरों द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम एवं मासिक बैठक के दौरान भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने मीडिया जारी बयान में कही। बैठक में उपस्थित पेंशनरों ने सरकार के इस रवैया के प्रति गहरी नाराजगी जताई।वरिष्ठ पेंशनर नरसिंह सेठिया ने अपने सेवाकाल के दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले नियमित कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए डीए/डीआर का केवल एक ही आदेश हुआ करता था। इस तरह पेंशनरों को परेशान करना कतई उचित नहीं है। पेंशनर साथी शिवप्रसाद मिश्रा ने कहा सरकार धारा 49 (6) का हवाला देकर पेंशनरों को पीड़ा पहुंचाना बंद करे और इसका कोई स्थाई समाधान निकाले। करमजीत कौर ने सेवा निवृत्त होने के बाद पेंशनरों को अपने स्वत्वों के भुगतान में होने वाली परेशानी से पेंशनरों को अवगत कराया।

# सीमा सुरक्षा बल ने सहायता कार्यक्रम एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पनर्गल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं सहायता सामग्री वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान कर सुरक्षा बलों और जनता के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र शर्मा कहा कि बीएसएफ न केवल नागरिकों की सुरक्षा करता है, बल्कि भारत सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय समुदायों के विकास और सहयोग को भी बढ़ावा देता है। यह नागरिक सहायता कार्यक्रम हमारी इसी जिम्मेदारी का हिस्सा है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को कपड़े, स्टेशनरी, खेल सामग्री, जल भंडारण टैंक एवं कृषि उपकरण वितरित किए गए। इसके तहत भुस्की, करकाजर, यादवपारा, काकरोझार और पनार्गल गांवों के 300 ग्रामीणों को लाभ मिला, जिनमें 150 पुरुष, 100 महिलाएं और 50 बच्चे शामिल रहें।

सहायक कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार के नेतृत्व में निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 62 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्राप्त किया। इसमें 20 पुरुष, 35 महिलाएं और 08 बच्चे शामिल रहें।

## कार्यक्रम में घरेलू सामग्री का किया वितरण



### विश्वास की भावना बढ़ी

साधुमिचगांव के सरपंच मुकेश गावड़े ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा बीएसएफ और भारत सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे गाँव के लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ है। इससे न केवल चिकित्सा सुविधा मिली, बल्कि लोगों को विभिन्न आवश्यक सामग्री भी प्राप्त हुई, जिससे उनका जीवन आसान हुआ। भारत सरकार के नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत बीएसएफ द्वारा किए जा रहे प्रयास न केवल स्थानीय समुदायों के लिए लाभकारी हैं, बल्कि सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को भी सुदृढ़ करते हैं। इस पहल से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। साथ ही सुरक्षा बलों के प्रति उनकी आस्था और समर्थन और अधिक गहरा हुआ है, जिससे भविष्य में बेहतर समन्वय और सौहार्द की संभावना मजबूत हुई है।

## सामूहिक विवाह : सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में किया गया आयोजन

# दाम्पत्य सूत्र में बंधे 80 जोड़े, शासन से मिला 35-35 हजार का गिफ्ट चेक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में किया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जिसके कुल 80 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छतीसगढ़ शासन के इस महती योजना के तहत कांकेर जिले में भानुप्रतापपुर, चारामा और दुर्गुकोंदल विकासखंड से लक्ष्य के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न किया गया।

**मंत्रोच्चार के साथ वर-वधु ने लिए 7 फेरे :-** भानुप्रतापपुर के सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को सांसद उपस्थिति में बाजे गाजे के साथ बारात प्रस्थान, विधिवत मंत्रोच्चार के साथ वर-वधु के 7 फेरे, कन्यादान, सिंदूर बंदन, वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया और साथ ही सांसद द्वारा योजना अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को 35 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया। सांसद, अधिकारियों कर्मचारियों, उपस्थित जनप्रतिधियों व वर-वधु के परिजनों ने नवविवाहित जोड़ो को शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भानुप्रतापपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 80 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ है। यह बहुत ही हर्ष की बात है। उन्होंने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को विवाह के गठबंधन की बधाई दी तथा नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए हसी ख़ुशी सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी नव वर-वधुओं सहित उपस्थित सभी को दी गई।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगर पंचायत अध्यक्ष भानुप्रतापपुर निखिल राठौर, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अध्यक्ष सुनाराम तेता, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, जनपद अध्यक्ष दुर्गुकोंदल गोपी बढ़ाई, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, अरविंद जैन, सचिन दुबे, राजिंदर रंधावा, राहुल धुन्ने व विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारीगण, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, नवविवाहित जोड़ों के परिजन, गणमान्य नागरिक व मिडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पालकों के लिए हुआ ओरिएंटेशन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में पेरेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें यूकेजी से कक्षा 1 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में पालकों के साथ यूकेजी के छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को प्राथमिक शिक्षा के नए चरण की रूपरेखा से अवगत कराना था।

- पालकों के साथ विद्यार्थी भी ओरिएंटेशन में रहे उपस्थित

### नियमों की दी जानकारी

सत्र के दौरान शैक्षणिक पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियां, मूल्यांकन प्रक्रिया, सह शैक्षणिक गतिविधियां एवं स्कूल के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही अभिभावकों की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें इस परिवर्तन के प्रति आश्वस्त किया गया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने विचार प्रकट करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। कार्यक्रम को शिक्षकों, विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे यह सत्र अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं प्रभावी रहा। विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहेगा।

### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, पवित्र बराई, रूबी खान, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, एस मर्सी, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, रीया सोनी, शांति लीना नेताम, आदि शिक्षको का योगदान रहा।

# मां दंतेश्वरी सेवावाहिनी ने कराया महाभंडारा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मां दंतेश्वरी सेवावाहिनी महिला संगठन के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में लगातार तीन शनिवार को विविध अनुष्ठान कराए गए।

इस मौके पर शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने टाउन क्लब मैदान में मां का महाभंडारा आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 5000 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मां दंतेश्वरी सेवावाहिनी एक सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करने वाली महिला संगठन है। इस संगठन में 30 सदस्य हैं। इसकी शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। यह संगठन सालभर प्रत्येक शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर में चालीसा पाठ, महाआरती पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित करती आ रही है। संगठन की संयोजक श्रीमती सीमा देव बताती हैं कि महिला संगठन के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में इस वर्ष विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### सनातन अनुष्ठान की पक्षधर

आज 22 मार्च को माता का महा भंडारा आयोजित किया गया है। मां दंतेश्वरी सेवावाहिनी सनातन अनुष्ठान की पक्षधर है और इसका उद्देश्य धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से नई पीढ़ी को सुसंस्कृत करना है।

### हजारों ने पाया प्रसाद

शनिवार को महाभंडारा की शुरुआत मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ हुई तत्पश्चात कन्या पूजन किया गया। नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं और भैरव के रूप में एक बालक की पूजा अर्चना कर इन्हें भोज कराया गया तत्पश्चात नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद पाने का क्रम देर शाम तक चलता रहा। मां दंतेश्वरी सेवावाहिनी ने इस सफल अनुष्ठान के लिए नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# राष्ट्रव्यापी उल्लास महापरीक्षा आज जिले के 18000 शिक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रवादी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन आज 23 मार्च को होगा, जिसमें जिले से 18000 शिक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है, यह परीक्षा आज सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। शिक्षार्थी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर आकलन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे । जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल द्वारा जिला के सातों विकासखण्ड अधिकारियों से परीक्षा पूर्व तैयारी की जानकारी ली गई एवं महापरीक्षा अभियान को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्वक आयोजित करने की बात कही । जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने बताया कि साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में परीक्षार्थियों के सुविधा के अनुसार नजदीक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के 602 केंद्र एवं केंद्राध्यक्ष बनाए गए जिसमें 18000 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। ग्राम प्रभारी एवं स्वयं सेवी शिक्षकों के द्वारा जिले में सभी शिक्षार्थियों को सम्मिलित होने के लिए गुलाल लगाकर, नारियल एवं बुके देकर ससम्मान आमंत्रित भी किया जा रहा है। परीक्षा तिथि को परीक्षा केंद्रों के मॉनिटरिंग के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है तथा जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। परीक्षा के लिए केंद्र अध्यक्ष पर्यवेक्षक सह मूल्यांकन करता नियुक्त कर लिए गए है।



## समिति को अब झेलनी पड़ रही दोहरी मार

# बेमौसम बारिश से भीगा लाखों क्विंटल धान, समय पर नहीं हो पाया था उठाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

केवटी में मार्च के महीने में हुई बेमौसम बारिश ने धान खरीदी केन्द्र की मुश्किलें बढ़ा दी है। शुक्रवार को हुई बारिश से सरकारी धान खरीदी केंद्रों में खुले में रखा धान भीग गया है। समय पर धान का उठाव नहीं होने से पहले ही सूखत की समस्या से जूझ रही समिति को अब दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। केवटी में धान खरीदी हुए दो माह बीत गया पर जिला के संबंधित अधिकारीयों ने सुध नहीं लिया। लेम्स के कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है और कोई सुध लेने वाला नही। प्रदेश में 31 जनवरी तक धान खरीदी की गई और धान खरीदी बंद हुए दो माह होने में कुछ दिन ही बाकी है। उसके बाद भी समितियों से धान का उठाव नहीं हुआ है। केवटी धान खरीदी केंद्र में धूप और बारिश से बचाव के लिए पर्याप्त साधन नहीं होने से धान खुले में पड़े हैं। धान के खरीदी के 72 घंटो के भीतर धान उठाव करना रहता है पर ना अधिकारी ध्यान दे रहे और ना ही प्रशासन सुध ले रहे है। 55 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुआ है एवं अभी भी 40 हजार क्विंटल धान फड़ पर पड़ा है। त्रिपाल 5 नग है, जिससे ढका गया है, पर ये पर्याप्त नही है। जिससे अधिक मात्रा में धान भीग चुका है और समय पर उठाव होता तो यह सब परेशानी नहीं होती। पूर्व मे भी कई बार ऐसा हुआ है, लेकिन केवटी लेम्प अव्यवस्थाओं पर अधिकारिगण ध्यान नहीं देते। परिवहन धीमी गति से होने के कारण यहां धान नहीं उठ पाया है। अचानक मौसम खराब हुआ तो आनन-फानन में यहां के कर्मचारियों द्वारा तिरपाल से धान को ढंका गया और तिरपाल भी पर्याप्त नही था, जिससे पूरे धान को बारिश से बचाया जा सके। केवटी धान खरीदी केंद्र में वैसे ही धान खरीदी कार्य बड़ी ही मुस्कील से प्रारंभ हो पाया था। पिछले वर्ष हुए घोटाले से समिति में कार्य करने के लिए कर्मचारी भी नही मिल रहे थे। केवटी ग्रामवासियों ने सहयोग किया और फिर से भरोसा जताते हुए खरीदी केंद्र में कार्य करने के लिए ग्रामवासी समिति बना कार्य करने के लिए राजी हुए पर खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाएं बनी रही पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और धान खरीदी कार्य कभी बंद कभी चालू चलता रहा।



# ग्राम पंचायत कुदालगांव में राजस्व शिविर का आयोजन

**घाटलोहंगा।** बस्तर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदाल गांव में राजस्व सिविर आयोजन क़र किसान का पंजीयन कराया गया। जिसमें ग्राम सरपंच लक्ष्मी गोयल के उपस्थिति में अर्जिन बीस नंदलाल पांडे, हल्का पटवारी संजय राय चौधरी के द्वारा किसान पंजीयन का कार्य एवं मृत लोगो का नाम काटने का काम भी किया गया। हल्का पटवारी संजय राय चौधरी के बताने के अनुसार राजस्व शिविर में 65 प्रतिशत किसानों का पंजीयन कराया गया और शनिवार को आयोजित राजस्व शिविर 15 मृत लोगो का नाम काटा गया। ग्राम सरपंच लक्ष्मी गोयल की उपस्थिति में हल्का पटवारी संजय राय चौधरी अर्जिन विश नंदलाल पांडे के द्वारा किसानों का आधार लिंक करवाया गया। शिविर में मौजूद रहे सरपंच लक्ष्मी गोयल,उपसरपंच हेमलता ठकुर,पंच गण,कोटवार दीनबंधु, सरपंच पति धरम सिंह गोयल, सहायक सचिव सुखदास भद्रे, समेत भारी मात्रा में गांव के किसान उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport